**Newspaper : Rashtriya Sahara**
**Edition: Delhi | Date: 11th September, 2019 | Pg. : 08**

# 20 हजार प्राइमरी स्कूलों में लगेगी पोषण वाटिका

■ पटना

एसएनबी

सूबे के 20,000 हजार सरकारी प्रारंभिक (प्राथमिक एवं मध्य) विद्यालयों में नामांकित छात्रों के बेहतर पोषण और उनके स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए विद्यालय पोषण वाटिका विकसित की जायेगी। उद्देश्य स्पष्ट है कि इस योजना के जरिये सरकारी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों को मध्याह्न भोजन योजना (एमडीएम) के तहत पोषण वाटिका से उपजायी गयी सागसब्जियां परोसी जायेंगी। विद्यालय पोषण वाटिका में रसायनिक की जगह जैविक खाद का प्रयोग किया जाएगा। इसके लिए हर विद्यालय को सरकार की ओर से 5000 रुपए दिए जाएंगे। केंद्र सरकार के निर्देश पर एमडीएम, पटना के उप निदेशक जीवेन्द्र झा ने सूबे के जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों (एमडीएम) से विद्यालय पोषण वाटिका के लिए चयनित विद्यालयों के नाम व यूडाइस कोड के साथ 12 सितम्बर तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। हालांकि जिलों से इससे पहले भी मुख्यालय को बगैर यूडाइस कोड के साथ सूची उपलब्ध कराई गई है।

**वाटिका में रासायनिक की जगह जैविक खाद का प्रयोग किया जाएगा**